-

# KCP SIDDHARTHA ADARSH RESIDENTIAL PUBLIC SCHOOL

Kanuru, Vijayawada – 520 007

## FORMATIVE ASSESSMENT – II (PAPER PEN TEST) 2014-15

Class : VIII  Marks : 30

Sub : Hindi  Time : 1 Hr.

---

I. **निम्न गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** 5M

**अनुशासन किसी वर्ग था आयु विशेष के लिए ही नही, अपितु सभी केलिए ही परमावश्यक होता है । जिस जाति, देश और राष्ट्र में अनुशासन का अभाव होता है, वह अधिक समय तक अस्तित्व नही बनाए रख सकता है । जो विद्यार्थी अपनी दिनचर्या निश्चित अवस्था में नही ढाल पाता वह निरर्थक है क्यों कि विधा ग्रहण करने में व्यवस्था ही सर्वोपरि है । अनुशासन का पालन करते हुए जो विद्यार्थी योगी की तरह विधाध्ययन में जुट जाता है वही सफलता पाता है । अनुशासन के अभाव में विद्यार्थी का जीवन शून्य बन जाता है । कुछ व्यवधानों के कारण विद्यार्थी अनुशासित नहीं रह पाता और अपना जीवन नष्ट कर लेता है । सर्वप्रथम बाधा है उसके मन की चंचलता । उसे अनुभव नही होता, इसीलिए गुरुजनों की आज्ञाएँ, विद्यालयों के नियम, अभिभावकों की सलाह उसे कारागार के समान प्रतीत होती है । वह उनसे मुक्ति का मार्ग तलाशता है । कर्तव्यों की तिलाजंलि देकर केवल अधिकारों की माँग करता है । हर प्रकार से केवल आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए संघर्ष पर उतारु हो जाता है और यहीं से उच्छृंखलता और अनुशासन हीनता का जन्म होता है ।**

**प्रश्नः-**

1. **अनुशासन हीनता का जन्म कब होता है?**
2. **अनुशासन के अभाव में क्या होता है ।**
3. **पढाई के लिए सर्वाधिक आवश्यक क्या है?**
4. **विद्यार्थी की अनुशासनहीनता का प्रमुख कारण क्या है ?**
5. **''कारागार के समान प्रतीत होते है'' । वाक्य में कारागार का क्या अर्थ है ?**

II. **दो सैनिको में हुई बातचीत को संवाद के रुप में लिखिए ।** 5M

III. **निम्नलिखित शब्दों का वर्णविच्छेद कीजिए ।** 5 x ½ = 2½M

1. **शक्तिशाली**
2. **सहानुभूती**
3. **स्फूर्ति**
4. **दुरुपयोग**
5. **सोनजूही**

IV. 1. **निम्न के लिए पर्यायवाची रूप लिखिए ।** 2 x ½ = 1M

**(क) पर्वत** **(ख) सूरज**

2. **निम्न के लिए विलोम रुप लिखिए ।** 3 x ½ = 1½M

**(क) शक्तिशाली** **(ख) प्रकाश** **(ग) घृणा**

V. **निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** 5 x 1 = 5M

1. **लिखित कार्य करने में गाँधी जी की क्या विशेषता थी?**
2. **कौन से पक्षी का नाम डाक व्यवस्था से जुडा है और क्यों ?**
3. **कृष्ण सुदामा को देख कर क्यों रो पडें ?**
4. **बच्चों ने क्या निश्चय किया ?**
5. **अगर बच्चों ने किसी चीज को हाथ लगाया, तो उन्हे क्या सजा मिलेगी?**

VI. **निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** 2 x 2 = 4M

1. **पत्र लेखन की कला विकास के लिए क्या क्या प्रयास हुए है लिखिए ।**
2. **पाठ्य पुस्तक में दी गई कहानी 'कामचोर' से क्या शिक्षा मिलती है?**

VII. **निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** 2 x 3 = 6M

1. **सुदामा अपने मित्र कृष्ण के यहाँ से खाली हाथ लौटते समय क्या क्या सोच रहे थे? अपने शब्दों में लिखिए ।**
2. **हिल हिलाकर पानी पीते समय बच्चों ने कैसा उधम मचाया, घर की क्या हालत हुई लिखिए ।**

* * * *